# सांध्य दैनिक 4PM


www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

जिद...सच की

● वर्षः 10 ● अंकः 118 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शनिवार, 1 जून, 2024

मूल्य ₹ 3/-



पंखुड़ियां तोड़ कर आप फूल की खूबसूरती नहीं इकट्ठा करते।

-रबिन्द्रनाथ टैगोर


मुक्केबाज निशांत देव का... 7 | जन-जन की जुबान पर चढ़े चुनावी... 3 | काउंटिंग के दिन भाजपा से सतर्क... 2


# प्रचंड गर्मी भी नहीं रोक सकी उत्साह, जमकर निकले वोटर

» सातवें व अंतिम चरण का मतदान जारी

» पीएम मोदी, कंगना रनौत, मीसा भारती अनुराग ठाकुर, अभिषेक बनर्जी व मनीष तिवारी हैं बड़े उम्मीदवार

» दोपहर 1 बजे तक हुआ 40.09 प्रतिशत मतदान हिमाचल सबसे आगे ओडिशा पीछे



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। सातवें व अंतिम चरण के लिए प्रचंड गर्मी में वोटिंग जारी है। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की कुल 57 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में हो चुका है मतदान। इस चरण में बिहार, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वोटिंग है। बूथों पर सुबह से ही कतारे लगीं थी। हालांकि दोपहर में गर्मी के बढ़ने की वजह से कई जगहों पर मतदान स्थल खाली रहे।

उधर यूपी की कुछ जगहों पर विपक्ष ने भाजपा पर वोटिंग को प्रभावित करने का आरोप लगाया। तो वहीं पश्चिम बंगाल में कई जगह टीमएसी व बीजेपी में तीखी झड़पों की खबरें भी आईं, पर कुल मिलाकर वोटिंग धीरे-धीरे बढ़ रही है। नेताओं ने लोगों से वोट देने की अपील की। दोपहर 1 बजे तक 40.09 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है। वोटिंग में सबसे आगे हिमाचल चल रहा है। इस चरण के मतदान के साथ ही 19 अप्रैल से शुरू हुए चुनाव के सभी चरणों का मतदान संपन्न हो जाएगा।

## 10.06 करोड़ से अधिक नागरिक कर रहे मतदान

इस चरण में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिलाएं और 3,574 'थर्ड जेंडर मतदाताओं सहित 10.06 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करने के पात्र हैं। पीएम मोदी, कंगना रनौत, मीसा, अनुराग ठाकुर, अभिषेक बनर्जी व मनीष तिवारी समेत कई बड़े चेहरे मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और सात राज्यों की 57 सीट पर मतदान शुरू हो चुका है। इस चरण में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में भी मतदान हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

### राज्यवार मतदान प्रतिशत (1 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| यूपी | 39.31 | पंजाब | 37.80 |
| ओडिशा | 37.64 | प. बंगाल | 45.07 |
| चंडीगढ़ | 40.14 | बिहार | 35.65 |
| झारखंड | 46.80 | हिमाचल प्रदेश | 48.63 |

## अहंकार, अत्याचार का प्रतीक बन चुकी सरकार पर वोट से 'अंतिम प्रहार' करे जनता : राहुल गांधी



आज सातवें और अंतिम चरण का मतदान है और अब तक के रुझानों से स्पष्ट है कि देश में इंडिया की सरकार बनने जा रही है। मुझे गर्व है कि झुलसा देने वाली गर्मी में भी आप सभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट देने निकले हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान आरंभ होने के बाद शनिवार को लोगों से अपील की कि वे ''अहंकार और अत्याचार का प्रतीक बन चुकी वर्तमान सरकार'' पर अपने वोट से ''अंतिम प्रहार'' करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि अब तक के रुझानों से स्पष्ट है कि देश में इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को 57 सीट पर वोट डाले जा रहे हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्यारे देशवासियों! आज सातवें और अंतिम चरण का मतदान है और अब तक के रुझानों से स्पष्ट है कि देश में इंडिया की सरकार बनने जा रही है। मुझे गर्व है कि झुलसा देने वाली गर्मी में भी आप सभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट देने निकले हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, आज भी बड़ी संख्या में बाहर निकल कर अहंकार और अत्याचार का प्रतीक बन चुकी इस सरकार पर अपने वोट से 'अंतिम प्रहार' जरूर कीजिए। राहुल गांधी ने कहा कि चार जून का सूरज देश में एक नया सवेरा लेकर आएगा।

## मताधिकार का प्रयोग



## ये जनता के मुद्दों का चुनाव : मीसा भारती



पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से आरजेडी उम्मीदवार मीसा भारती ने कहा, मैं सभी से अपील करती हूं कि अपने घरों से निकलें और अपने अधिकार का प्रयोग करें। ये देश का चुनाव है। जनता अपने मुद्दों पर वोट डाल रही है। इंडिया गठबंधन के प्रति जनता में बहुत उत्साह है। ये जनता के मुद्दों का चुनाव है।

## पश्चिम बंगाल में भड़की भीड़



लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कुलतली में अचानक भीड़ गुस्सा गई। गुस्साई भीड़ मतदान केंद्र में घुस गई और एक ईवीएम को उठा कर पास के तालाब में फेंक दिया, जिससे मतदान प्रक्रिया रुक गई। ये तब हुआ जब कुछ मतदान लोगों को पोलिंग बूथ में जाने से रोक दिया गया। इस बहिष्कार को देख स्थानीय लोगों में गुस्सा भड़क गया और वे जबरन मतदान केंद्रों में घुस गए। उन्होंने वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल से लैस ईवीएम को जबरन ले जाकर तालाब में फेंक दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं, जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के भांगर के सतुलिया इलाके में भी तनाव बढ़ने की खबर सामने आई। आज सुबह भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा (आईएसएफ) और सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं पर हमलें के आरोप लगने के बाद यहां हिंसा बढ़ गई। जानकारी के मुताबिक इस हिंसा में आईएसएफ के कई लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि इलाके में देसी बम पाए जाने से स्थिति और बिगड़ गई।

## मप्र में हम सभी 29 सीटें बड़े अंतर से जीतेंगे : शिवराज



इंडी गठबंधन द्वारा एग्जिट पोल का बहिष्कार करने पर शिवराज ने कहा, उनको पहले से ही आभास हो गया कि हमारे पक्ष में कुछ आना नहीं है। कौन मीडिया के सवालों का सामना करे इसलिए बचना ज्यादा ठीक है। शिवराज ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में ही हम पूरे देश में जीत रहे हैं। भाजपा इस बार नए रिकॉर्ड स्थापित करेगी। मप्र में भी हम सभी 29 सीटें बड़े अंतर से जीतने वाले हैं।

# काउंटिंग के दिन भाजपा से सतर्क रहें कार्यकर्ता : अखिलेश

## बोले- चुनाव खत्म होते ही भाजपाई सब जगह बढ़त का करेंगे शोर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सावधान रहने और मतगणना खत्म हो जाने तक सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों के बहकावे में न आएं और सतर्क रहें।**

उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि प्रिय कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रत्याशियों... मैं आज आपसे एक बेहद ज़रूरी अपील कर रहा हूं।

आप सब वोटिंग के दौरान भी और वोटिंग के बाद के दिनों में भी, मतगणना खत्म होने और जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत और सावधान रहिएगा और किसी भी प्रकार के भाजपाई बहकावे में न आइएगा। दरअसल ये अपील हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भाजपावालों ने ये योजना बनाई है कि कल शाम को चुनाव ख़त्म होते ही, वो अपनी 'मीडिया मंडली' से विभिन्न चैनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि भाजपा को लगभग 300 सीटों के आसपास बढ़त मिली हुई है, जो कि पूरी तरह से झूठ है। ऐसे में आपके मन में ये सवाल उठेगा कि भाजपा को इस दो-तीन दिन का झूठ बोलने से क्या मिलेगा, जबकि 'इंडिया गठबंधन' की सरकार बनने जा रही है। इसके जवाब में हम आपको बता दें कि ऐसा झूठ फैलाकर भाजपा वाले आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं, जिससे आपका उत्साह कम हो जाए और आप लोग मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय न रहें, जिसका फायदा उठाते हुए भाजपा कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से मतगणना में धांधली कर सके। ध्यान रहे जो भाजपाई चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में कोर्ट द्वारा लगवाए गये कैमरों के सामने धांधली करने का बेशर्म दुस्साहस कर चुके हैं, वो चुनाव जीतने के लिए कोई भी घपला-घोटाला करने के लिए उतारू हो सकते हैं, इसीलिए ये सजगता जरूरी है।



### एक्जिट पोल के बहकावे में नहीं आएं

इसीलिए आप लोगों से ये विशेष अपील है कि आप लोग किसी भी भाजपाई 'एक्जिट पोल' के बहकावे में नहीं आएं और पूरी तरह से चौकन्ना रहते हुए, अपना आत्मविश्वास बनाए रखते हुए डटे रहें और जीत के अपने मूल-मंत्र 'मतदान भी सावधान भी' को याद रखते हुए, जीत का प्रमाण-पत्र लेकर ही संविधान, लोकतंत्र और देश की जनता की जीत का उत्सव मनाएं।

# चार जून को भाजपा का खेल खत्म : सीपी राय

## इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार देश और प्रदेश की जनता ने इंडिया गठबंधन को अपना प्यार और समर्थन दिया है, उससे पूरा विश्वास है कि चार जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही और भाजपा का खेल अब खत्म होने वाला है।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने प्रदेश मुख्यालय पर कहीं। डॉ. राय ने आरोप लगाया कि वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय को भोजपुरी भाषा में विज्ञापन छपवाने की स्वीकृति भाजपा के इशारे पर नहीं दी गई। यह भोजपुरी भाषा, क्षेत्र तथा भोजपुरी लोगों का अपमान है। जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि वाराणसी को पीएम मोदी ने धार्मिक नगरी की जगह पर्यटन नगरी बना दिया है। यहां अब दर्शन के लिए भी पैसा लिया जाता है।



### वाराणसी का चुनाव पूरी तरह से स्थानीय बनाम गुजराती के बीच

डॉ. राय ने कहा कि वाराणसी का चुनाव पूरी तरह से स्थानीय बनाम गुजराती, घर से घाट तक साथ देने वाल बनाम केवल जुमले बोलने वाले के बीच है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पूरे देश में 176 सीटें पार नहीं करेगी। प्रदेश में आधे से भी कम सीटों पर रह जाएगी और वाराणसी में पीएम मोदी भी अजय राय से चुनाव हार रहे हैं। प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, डॉ. सुधा मिश्रा, शालिनी सिंह व दानिश आजम वारसी उपस्थित थे।

# दिल्ली में जल संकट पर मची है रार

## आप सरकार व एलजी आमने-सामने

## पानी की किल्लत कुप्रबंधन का नतीजा : एलजी सक्सेना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली। राजधानी में पानी के मसले पर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच एक बार फिर आमने-सामने है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से पानी को लेकर दिल्ली सरकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया देखने को मिल रहा है।**

वहीं सीएम अरविंद केजरीवाल ने यूपी व हरियाणा की सरकारों से दिल्ली को ज्यादा से ज्यादा पानी देने की अपील की है। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा अपनी जान जोखिम में डाल कर एक बाल्टी पानी के लिए टैंकरों के पीछे भागते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली में 24 घंटे पानी आपूर्ति करने का वादा अब तक तो एक छलावा ही साबित हुआ है। सक्सेना ने कहा कि उन्हें बताया है कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश लगातार अपने निर्धारित कोटे का पानी दिल्ली को दे रहे हैं। इसके बावजूद, दिल्ली में पानी की कमी की जो सबसे बड़ी वजह है, वो यह है कि जितने पानी का उत्पादन हो रहा है, उसके 54 प्रतिशत का कोई हिसाब ही नहीं है।



# बिहार राजभवन में ईवीएम हैकर ठहरे हैं : शक्ति

## राजद प्रवक्ता का बड़ा आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क


**पटना। राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि राजभवन में दो ईवीएम हैकर ठहरे हैं। इतना ही नहीं शक्ति यादव के पोस्ट को आगे बढ़ाते हुए राजद के आईटी सेल के इंचार्ज नीतेश कार्तिकेन ने एक और पोस्ट साझा किया।**

इसमें उन्होंने लिखा कि भारत के गृह मंत्री अमित शाह के इशारों पर राजभवन पटना में दो ईवीएम हैकरों को रुकवाया गया है। इस पोस्ट के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर भड़क गए। इसके बाद राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने आर्थिक अपराध इकाई से इसकी शिकायत कर दी। अगर कोई चर्चा चौक-चौराहों पर मत मूल्यवान है अगर कोई चर्चा चौक चौराहों पर मत के साथ छेड़छाड़ कि होने लगे तो सहज प्रहरी होने के नाते लोकतांत्रिक मूल्य एवम मौलिक अधिकार की रक्षा हेतु सवाल को जनता के बीच में रखना एक नागरिक के तौर पर नैतिक जिम्मेदारी है। सत्य और असत्य कि पहचान करना शासन कि जिम्मेवारी है। कर्तव्य के निर्वहन करने के बजाय प्राथमिकी की धमकी भरा पत्र पत्राचार करना एक संदेह को और जन्म देता है, पर सत्य तो सत्य ही होता है न? ये बिहार है लोग यहां के सजग हैं नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन अगर करते हैं तो किसी तरह के दवाब से निपटने का जज्बा भी रखते हैं, चुकी मैं बिहारी हूं, हम तो कर्तव्य निभायेंगे जी।



### प्रधान सचिव ने कहा- यह पोस्ट भ्रामक और तथ्यहीन

प्रधान सचिव ने कहा कि यह पोस्ट भ्रामक और तथ्यहीन हैं। यह राजभवन को बदनाम करने की साजिश है। इसके बाद ईओयू ने इस मामले को गंभीरता से लिया। फौरन एसआईटी का गठन किया है। टीम में जांच के बाद नीतेश कार्तिकेन पर केस दर्ज कर लिया। अब केस दर्ज होने के बाद नीतेश ने फिर से पोस्ट किया है। उसने लिखा कि राज्यपाल ने हमारे ऊपर केस दर्ज किया है। राजद के मुख्य प्रवक्ता ने किया ये पोस्ट चर्चा है कि दो संदिग्ध व्यक्ति जिसका नाम पी कश्यप और डॉ. एमके भाई है। यह दोनों व्यक्ति राजभवन में ठहरा हुआ है। बिहार के मुख्यमंत्री ही यहां के गृह मंत्री हैं, अब ऐसे में नीतीश कुमार जी को जवाब देना चाहिए कि राज्य भवन में ये दोनों व्यक्ति किस हैसियत से ठहरा हुआ है। क्या ये कोई आईएएस है या कोई विभाग का अधिकारी हैं? इसका जवाब मुख्यमंत्री देंगे या चुनाव आयोग देगा? सूचना यह भी है कि यह दोनों व्यक्ति ईवीएम मशीनों की हैकिंग के विशेषज्ञ हैं। एक जून को पटना के नजदीक पाटलिपुत्र और पटना साहिब लोक सभा में वोटिंग होनी है, ऐसे में कैसे कोई संदिग्ध व्यक्ति राज्य भवन में ठहर सकता है?




# छत्तीसगढ़ के लोगों को सता रही बीजेपी सरकार : बघेल

## बोले- हमने बिजली बिल हाफ किया और इन्होंने बिजली ही हाफ कर दी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिजली कटौती को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही है। इस मामले को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर बीजेपी पर जमकर बरसे हैं। साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी है।**

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हमने बिजली बिल हाफ किया और इन्होंने बिजली हाफ कर दी। एक तरफ सांय-सांय बिजली का बिल बढ़ाने की तैयारी चल रही है, तो दूसरी तरफ इस भयानक गर्मी में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में जमकर बिजली की कटौती की जा रही है। प्रदेश की जनता बेहद परेशान है, लेकिन गारंटी लेने वाले अभी सत्ता की मदहोशी में सो रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि आप सबसे कहना है कि तापमान बहुत अधिक है। गर्मी और लू से हम सबको अपना, अपने बच्चों का और घर के बुजुर्गों का ख़्याल रखना है। दिन में बच्चों को धूप में न खेलने दें। बुजुर्गों को बाहर जाने से रोकें। बहुत आवश्यक कार्य न हो तो आप भी घर से न निकलें।





# जन-जन की जुबान पर चढ़े चुनावी भाषणों के बोल

## राजग और इंडिया गठबंधन की रैलियों की भीड़ पर भी हो रही बहस

# मंदिर, मटन, मंगलसूत्र, ध्यान, खटाखट, सफाचट की रही गूंज



### » पीएम मोदी से लेकर कांग्रेस नेता राहुल के शब्द बाण पर हो रही चर्चा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। 1जून को मतदान के साथ ही 2024 लोक सभा चुनावों का पटाक्षेप हो जाएगा। इसके बाद सारे सियासी दल 4 जून का इंतजार में लग जाएंगे। इन सबके बीच अब आम से लेकर खास लोगों के बीच सातों चरणों के चुनावी प्रचार में नेताओं द्वारा भाषणों में प्रयोग किए गए शब्दों की चर्चा हो रही है। चर्चा रैलियों के भीड़ की भी हो रही है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ था। उससे पहले प्रचार शुरू हो गए थे।

सत्ता में बैठी बीजेपी ने राममंदिर से शुरू होते हुए हिंदू, मुसलमान, मटन,मछली, मंगलसूत्र, मुजरा, भगवान से लेकर ध्यान तक का जिक्र करके पूरे चुनाव को काम के मुद्दों से भटकाने का प्रयास किया। पर वहीं विपक्षी दलों ने बेरोजगारी, महंगाई, आरक्षण व संविधान पर अपने को रोके रखा। हालांकि आखिर में राहुल गांधी, अखिलेश यादव व तेजस्वी यादव का खटाखट, फटाफट, सफाचट भी लोगों की बतकही में खूब प्रयोग किया गया। खैर ये सब चर्चाएं तो अभी कई महीनों तक होती रहेंगी। पर फिलहाल ज्यादातर नेता अब आराम के मूड में आ गए हैं। इन सबके बीच पीएम के कन्याकुमारी में ध्यान करने का मामला विपक्ष के निशाने पर है।

## पीएम मार्केटिंग के लिए पहुंचे हैं कन्याकुमारी : तेजस्वी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान सत्र के लिए उनका मजाक उड़ाया और सुझाव दिया कि यह फिल्म शूटिंग और मार्केटिंग के समान है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सच्चा ध्यान इसे प्रचारित किए बिना होता है। तेजस्वी यादव ने कहा, वह ध्यान नहीं कर रहे हैं। वह एक फिल्म की शूटिंग और मार्केटिंग कर रहे हैं। ध्यान शांतिपूर्ण वातावरण में बिना किसी को बताये होता है। लोकसभा चुनाव 2024 के समापन से पहले आध्यात्मिक यात्राएं करने के क्रम में, पीएम मोदी 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक उसी स्थान पर ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। 2019 में उन्होंने केदारनाथ का दौरा किया था और 2014 में उन्होंने शिवाजी के प्रतापगढ़ का दौरा किया था। पीएम मोदी गुरुवार 30 मई को कन्याकुमारी पहुंचे और 1 जून तक वहां रहकर ध्यान करेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार अभियान के समापन के बाद पीएम मोदी ने कन्याकुमारी के भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस बीच, कांग्रेस ने चुनाव आयोग (ईसी) में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि पीएम नरेंद्र मोदी की कन्याकुमारी की ध्यान यात्रा आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन है। कांग्रेस ने कहा कि वह अपनी 48 घंटे की ध्यान यात्रा के साथ मौन अवधि के प्रतिबंधों को बचाने की कोशिश कर रहे थे। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इसे मीडिया द्वारा प्रसारित नहीं किया जाए। पीएम मोदी के तमिलनाडु दौरे का विरोध करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।




## पापियों को सजा देना जरूरी: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मथुरापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि टीएमसी ने बंगाल और इस क्षेत्र को विकास से वंचित रखा है। लोग भी समझ चुके हैं कि ईमानदारी से विकास केवल और केवल भाजपा ही कर सकती है। आप भाजपा को बंगाल में मजबूत कीजिए, आपकी हर अपेक्षा भाजपा ही पूरा करेगी। पीएम ने कहा कि संदेशखाली जैसी घटना बंगाल में आम है। टीएमसी की राजनीति केवल वोट बैंक के लिए है। शाहजहां शेख जैसे पापियों को बचाने के लिए गंदे खेल खेले जाते हैं। ऐसे लोगों को सजा देना जरूरी है। मोदी ने कहा कि अब तो टीएमसी सरकार तुष्टीकरण के लिए देश के संविधान पर भी खुलकर हमला करने लगी है। हमारे संविधान ने दलितों-पिछड़ों को आरक्षण दिया है लेकिन बंगाल में उस आरक्षण की खुली लूट हो रही है। मुसलमानों के फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र बनाए जा रहे हैं। आप कल्पना कीजिए तुष्टीकरण के लिए ये लोग किस सीमा तक जाने को तैयार हैं। 1 जून को आपका एक वोट इन खतरनाक इरादों को रोकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मथुरापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी की जीत का बहुत बड़ा नुकसान इस क्षेत्र के लाखों मछुआरों को हो रहा है। केंद्र सरकार मछुआरे भाई-बहनों के लिए इतनी सारी योजनाएं चला रही है। हमने मत्सय पालकर्ताओं और किसानों को फिशर क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी...हमने फिश कल्चर सेंटर दिया। टीएमसी बंगाल में मत्सय पालन से जुड़े केंद्रीय कानून लागू नहीं होने दे रही है। इन्हें तो अपने तोलाबाजों और कट-मनी सिस्टम से मतलब है। क्या ऐसी टीएमसी को आप सजा देंगे? टीएमसी और इंडी जमात वाले बंगाल को विपरीत दिशा में लेकर जा रहे हैं। भाजपा पर बंगाल के लोगों का प्यार टीएमसी को बर्दाश्त नहीं हो रहा है इसलिए टीएमसी पूरी तरह बौखलाई हुई है। क्या-क्या बोलते हैं। बंगाल के प्रति नफरत से भरी टीएमसी के पास एक ही हथियार बचा है, हम ऐसा नहीं होने देंग। विकास के जो काम मोदी करता है, टीएमसी कहती है कि हम ऐसा नहीं होने देंगे।

## मोदी को हो गया है अहंकार, खुद को घोषित किया भगवान : अरविंद केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अहंकार हो गया है। इन दिनों उन्होंने खुद को भगवान घोषित कर दिया है। जब केजरीवाल से सवाल किया गया कि उन्होंने इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार किया है. क्या इसका कोई फायदा होगा। इस पर उन्होंने कहा कि गीता में लिखा है कि कर्म करना चाहिए, फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। मैंने चुनाव प्रचार किया है। उसका रिस्पांस बहुत अच्छा रहा है। दिल्ली सीएम ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी महंगाई पर बात नहीं कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी को लेकर जनता में रोष है। लोग महंगाई और बेरोजगारी को लेकर बहुत त्रस्त हैं। बीजेपी से लोगों का मोहभंग हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन मुद्दों पर बात नहीं की है, बल्कि दो महीने से वह इधर-उधर की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शरद पवार को भटकती आत्मा कहते हैं तो उद्धव ठाकरे को बाला साहेब ठाकरे की नकली संतान बताते हैं। क्या जनता उनको इन मुद्दों पर वोट देगी। केजरीवाल ने पीएम को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनमें अहंकार देखने को मिल रहा है, आम आदमी पार्टी (आप) मुखिया केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी को इन दिनों अहंकार हो गया है, वह कह रहे हैं कि वह अपनी मां के कोख से पैदा नहीं हुए हैं, बल्कि भगवान के अवतार हैं, वह अपने आप को भगवान को घोषित कर चुके हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में खुद को प्रधान सेवक बताया, फिर 2019 में खुद को चौकीदार कहा और अब 2024 में खुद को भगवान घोषित कर दिया है। आप चीफ से पूछा गया कि पंजाब में इस बात को लेकर चर्चा चल रही है कि भगवंत मान की जगह राघव चड्ढा को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा? इस सवाल के जवाब में केजरीवाल ने कहा कि इस तरह की बातें गृह मंत्री अमित शाह कह रहे हैं। उन्होंने पंजाब में जाकर कहा कि 4 जून को सरकार गिरा दूंगा और भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद से हटा दूंगा। क्या आप सोच सकते हैं कि 75 साल में किसी गृह मंत्री ने इस तरह का गुंडागर्दी वाला बयान दिया हो। अमित शाह की धमकी जवाब जनता देगी।

## देवता हैं मोदी तो उनका मंदिर बनवाएंगे, प्रसाद चढाएंगे : ममता बनर्जी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी पर कि उन्हें परमात्मा ने एक उद्देश्य के लिए भेजा है, पर तंज कसते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि देवताओं को राजनीति नहीं करनी चाहिए और दंगे नहीं भड़काने चाहिए। कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि अगर मोदी खुद को भगवान मानते हैं तो उनके लिए एक मंदिर बनाया जाना चाहिए ताकि वह वहां बैठें और देश को परेशान करना बंद कर दें। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मजाकिया लहजे में कहा कि एक कहता है कि वह (पीएम मोदी) देवताओं के भगवान हैं। एक नेता कहते हैं भगवान जगन्नाथ उनके भक्त हैं। अगर वह भगवान हैं, तो भगवान को राजनीति नहीं करनी चाहिए। भगवान दंगे न भड़काएं। हम उनके लिए एक मंदिर बनाएंगे और वहां उनकी पूजा करेंगे, प्रसाद, फूल चढ़ाएंगे और अगर वह चाहें तो हम उन्हें ढोकला भी चढ़ाएंगे। बंगाल के मुख्यमंत्री की टिप्पणी पीएम मोदी के एक समाचार चैनल के साथ हालिया साक्षात्कार के मद्देनजर आई है जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि वह जैविक नहीं हैं बल्कि भगवान द्वारा भेजे गए हैं। पुरी से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा ने भी हाल ही में कहा था कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त थे। पात्रा ने अपनी टिप्पणी को अपनी जुबान की गलती बताते हुए माफी मांगी। पीएम के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए ममता ने कहा कि मैंने अटल बिहारी वाजपेयी जैसे कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है, जो मुझसे बहुत प्यार करते थे। मैंने मनमोहन सिंह, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, देवेगौड़ा के साथ काम किया। मैंने उनके जैसा कोई नहीं देखा, ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत नहीं है। 1 जून को होने वाले अंतिम चरण के मतदान से पहले मंगलवार को ममता और पीएम मोदी दोनों ने कोलकाता में मेगा रोड शो किया। तृणमूल सुप्रीमो ने उत्तर और दक्षिण कोलकाता में दो रोड शो किए, जिसमें उन्होंने लगभग नौ किलोमीटर पैदल यात्रा की।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

# सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की जरूरत

"गर्मी इतनी प्रचंड है कि सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। हमें अब सचेत होना होगा। गर्मी से बचने के लिए लोग एसी का प्रयोग कर रहे हैं, पर गर्मी इतनी प्रचंड है कि एसी तक फूंक जा रहे हैं। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे।

*पूरे उत्तर भारत में इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। ये प्रचंड लू इतनी खतरनाक है इसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान तक चली गई। गर्मी इतनी प्रचंड है कि सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। हमें अब सचेत होना होगा। गर्मी से बचने के लिए लोग एसी का प्रयोग कर रहे हैं, पर गर्मी इतनी प्रचंड है कि एसी तक फूंक जा रहे हैं। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही है।*

*गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक कई सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुटे हैं। सामान्यत: एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहा है और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का असर कुछ अधिक ही रहता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य है। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है। आज शहरी करण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमनें कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रिट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालीक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है। हम सब को अब तात्कालीक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रुपरेखा तय करनी होगी। क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमनें इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरने की लगते नहीं हैं। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# चुनावी नफे-नुकसान के गणित में न झुलसे समरसता

विश्वनाथ सचदेव

उस दिन अखबारों के पन्ने पलटते हुए अचानक एक समाचार पर नज़र पड़ गयी। समाचार दक्षिण भारत के किसी कस्बे का था जहां के मुसलमानों ने अपने हिस्से की कुछ जमीन मंदिर बनाने के लिए दान कर दी थी। वैसे यह कोई अनोखा समाचार नहीं है, इस तरह की घटनाएं हमारे देश में घटती रही हैं जहां हिंदू या मुसलमान धार्मिक सौहार्द का परिचय देते रहे हैं। कभी हिंदुओं-मुसलमानों द्वारा रामनवमी साथ मिलकर मनाने और कभी ईद मिल-जुलकर मनाने का समाचार मिल जाता है। कुछ अर्सा पहले बंगाल में एक मंदिर में नमाज पढ़े जाने का समाचार आया था। इसी तरह कहीं एक हिंदू ने कब्रिस्तान के लिए जमीन दे दी थी। यह सब देखते हुए दक्षिण भारत के एक कस्बे में मुसलमान द्वारा मंदिर के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने का समाचार बहुत चौंकाता नहीं है।

फिर भी वह समाचार पढ़कर यूं ही मन में ख्याल आया कि चुनाव के दौरान जिस तरह का वातावरण देश में जाने-अनजाने बनाया जा रहा है उसमें इस तरह के समाचार को भीतर के किसी पन्ने लायक ही क्यों समझा गया? क्यों विस्तार से इस बारे में बात नहीं हुई। फिर, न जाने क्यों मैं दिन के कुछ और अखबारों के पन्ने पलट गया। मुझे कुछ अटपटा लगा जब किसी और अखबार में वह समाचार नहीं दिखा! होना चाहिए था यह समाचार अखबारों में। खासकर तब जबकि देश में हो रहे चुनावों के चलते सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं कुछ ज्यादा ही दिखने लगी हैं। हम अक्सर अपनी गंगा-जमुनी तहजीब पर गर्व करते हैं। यह तहजीब है भी गर्व करने लायक। पर आज जिस तरह राजनीतिक नफे-नुकसान के गणित ने हमारी इस तहजीब का चेहरा विकृत कर दिया है, उसे देखते हुए किसी मुसलमान द्वारा मंदिर के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने की घटना का समाचार किसी एक अखबार के भीतरी पन्ने में छोटी-सी जगह पाने से कहीं अधिक महत्व पाने का हकदार माना जाना चाहिए। हमने अपने संविधान में अपने देश को धर्मनिरपेक्ष घोषित किया है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि हम अधार्मिक हो गये हैं।

इसका सीधा-सा अर्थ है हम सब धर्मों को समान दृष्टि से देखते हैं। यहां की सरकार किसी एक धर्म को तरजीह नहीं देगी। धर्म के नाम पर किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा हर एक को अधिकार होगा कि वह



अपने ढंग से पूजा-अर्चना कर सके, अपनी आस्था के अनुसार जी सके। लेकिन इस आम चुनाव के प्रचार-काल में जिस तरह धर्म को वोट पाने-मांगने का माध्यम बनाया गया। उसे देखकर उन सबको चिंता होनी चाहिए जो देश के संविधान में आस्था रखते हैं और जिन्हें देश की गंगा-जमुनी सभ्यता पर गर्व है। प्रचार के दौरान जिस तरह धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण के प्रयास हुए हैं वह चिंता की बात तो है ही, शर्म की बात भी है। देश के शीर्ष नेतृत्व से इस तरह की बातें सुनना किसी भी विवेकशील नागरिक को परेशान करने वाली बात होनी चाहिए। चुनावी सभा में हमारे नेता जहां एक ओर 'सबका साथ, सबका विकास' की दुहाई देते हुए राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिलने की बात कह रहे थे, वहीं तुष्टीकरण का तर्क देकर विपक्ष को आरोपी भी बना रहे थे। 75 साल तक एक पंथ-निरपेक्ष व्यवस्था में जीने के बाद इस तरह के ध्रुवीकरण का एक ही मतलब हो सकता है हम पंथ-निरपेक्षता की बात तो करते हैं, पर उसमें विश्वास नहीं करते। या तो ध्रुवीकरण के पक्षधर अपने आप को धोखा दे रहे हैं, या फिर दूसरों की समझ में शक करते हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच-समझकर पंथ-निरपेक्षता को स्वीकारा था। यहां इस बात को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि जब हमारा संविधान बन रहा था तो वही समय देश के विभाजन का भी था। यह भी नहीं भूला जा सकता कि इस विभाजन का मूल आधार धर्म ही था। यही नहीं, विभाजन के परिणामस्वरूप बने नए देश पाकिस्तान ने स्वयं को मुस्लिम राष्ट्र घोषित भी कर दिया था। लाखों शरणार्थियों का एक से दूसरे देश की ओर पलायन मनुष्यता के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। संविधान-सभा में यह तर्क भी दिया गया था कि जब धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है तो फिर भारत को हिंदू राष्ट्र क्यों न घोषित किया जाये। पर मनुष्यता में विश्वास करने वालों की संख्या अधिक थी- धर्म के नाम पर देश का बंटवारा भले ही हुआ था, पर हमारे नेतृत्व ने भारतीय समाज को हिंदू-मुसलमान में बांटना स्वीकार नहीं किया। लेकिन यह दुर्भाग्य ही है कि बंटवारे के इस आधार को मानने वाले आज भी देश में हैं। आज भी धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिशें होती हैं। सांप्रदायिक सोच वाली यह राजनीति वोट जुटाने का साधन भले ही मानी जा रही हो, पर यह भारत की आत्मा को चोट ही पहुंचा रही है।

# किशोरों में बढ़ती ई-सिगरेट की लत के खतरे



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना' विषय के साथ मनाया गया है। दरअसल डब्ल्यूएचओ का कहना है कि दुनियाभर में पिछले कुछ वर्षों में सिगरेट पीने में तो कमी आई है लेकिन अरबों डॉलर का राजस्व अर्जित करने के लिए तम्बाकू उद्योग अब बच्चों को निशाना बना रहा है। हाल ही में वैश्विक तम्बाकू उद्योग पर नजर रखने वाली संस्था 'स्टॉप' तथा डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि कई देशों में किशोरों के बीच ई-सिगरेट के उपयोग की दर अब वयस्कों के मुकाबले काफी अधिक है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक यूरोपीय क्षेत्र में तो सर्वेक्षण में शामिल 15 वर्षीय बच्चों में से 20 फीसदी ने पिछले 30 दिनों में ई-सिगरेट का उपयोग करने की बात स्वीकारी। तंबाकू उपयोग कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद ई-सिगरेट तथा अन्य नए तंबाकू-निकोटीन उत्पादों का आना युवाओं और तंबाकू नियंत्रण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

ई-सिगरेट पर किए गए एक अध्ययन में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पाया था कि वर्ष 2013 में प्रचलन में आने के बाद से टैंक-स्टाइल ई-सिगरेट के वाष्प में सीसा, निकल, आयरन तथा कॉपर जैसी हानिकारक धातुओं के कणों की संख्या बढ़ी है। इन धातुओं से कैंसर होने का खतरा रहता है। अमेरिकी वैज्ञानिकों के मुताबिक ई-सिगरेटें अब नए टैंक-स्टाइल डिजाइन में आती हैं, जिनमें से अधिकांश में दमदार बैटरियां होने के साथ-साथ फ्लूड जमा रखने के लिए अधिक क्षमता वाली टंकी भी बनी होती है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि नए स्टाइल में प्रयोग में लाई जाने वाली उच्च क्षमता वाली बैटरी और फ्लूड के सम्पर्क से जो वाष्प उत्पन्न होता है, उसमें भारी धातु के कण शामिल होते हैं।

हालांकि एम्स, टाटा रिसर्च सेंटर, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च सहित कुछ अमेरिकी रिसर्च के आधार पर भारत में 2019 में ही ई-सिगरेट को प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन इसके बावजूद ग्रे बाजार में इनकी उपलब्धता बरकरार है। हाल ही में पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया यानी पीएचएफआई द्वारा बताया गया है कि ई-सिगरेट विभिन्न पोर्टल पर आसानी से उपलब्ध हैं और उपभोक्ता की उम्र की पुष्टि किए बिना बेचे जाते हैं, जो कानूनों का उल्लंघन है। केन्द्र सरकार ने धूम्रपान नहीं करने वालों में निकोटीन की लत बढ़ने को ध्यान में रखते हुए ई-सिगरेट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया था। जानकारों के मुताबिक पेन ड्राइव जैसे डिजाइन के चलते छिपाने में आसानी और अलग-अलग फ्लेवर के चलते पसंद किए जाने के कारण यह बच्चों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। वर्ष 2003 में एक चीनी फार्मासिस्ट होन लिक द्वारा ईजाद की गई ई-सिगरेट की बिक्री उनकी कम्पनी 'गोल्डन ड्रैगन होल्डिंग्स' द्वारा 2005-2006 में विदेशों में शुरू की गई थी और इन दो दशकों के भीतर दुनियाभर में इसके आठ हजार फ्लेवर के साथ करीब पांच सौ ब्रांड बाजार में मौजूद हैं और ई-सिगरेट का वैश्विक कारोबार बढ़ते-बढ़ते तीन अरब डॉलर से ज्यादा का हो चुका है।

ई-सिगरेट में उपयोग किए जाने वाले तरल पदार्थ प्राय: तरल निकोटीन, सिन्नामेल्डिहाइड, प्रोपेलीन ग्लाइकोल, वेजिटेबल ग्लिसरीन और फ्लेवर्स के मिश्रण से तैयार किए जाते हैं। प्रोपेलीन ग्लाइकोल एक रंगहीन तथा गंधहीन पदार्थ है, जिसका इस्तेमाल टूथपेस्ट तथा दवा कारोबार में भी होता है जबकि सिन्नामेल्डिहाइड एक ऐसा रसायन है, जिसमें दालचीनी जैसा स्वाद और गंध होती है। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक शोध से यह साबित हो चुका है कि सिगरेट के धुएं में पाए जाने वाले विषैले एल्डिहाइड की ही भांति ई-सिगरेट में इस्तेमाल होने वाला सिन्नामेल्डिहाइड भी शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे ई-सिगरेट पीने वालों में सांस से जटिल समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इस शोध में कहा गया था कि ई-सिगरेट से भी लगभग उतने ही खतरे होते हैं, जितने तम्बाकू से बनी आम सिगरेट में क्योंकि इसमें भी वे सभी विषैले रासायनिक पदार्थ होते हैं, जो तम्बाकू के धुएं में पाए जाते हैं। अगर ई-सिगरेट में मौजूद घातक निकोटीन ऐसा द्रव है, जिससे इसका उपभोग करने वालों को इसकी लत लग सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, भूख कम महसूस होना, अधिक लार व कफ बनना, हृदय की धड़कन प्रति मिनट 10-20 बार बढ़ जाना, छोटी-छोटी बात पर बेचैनी अनुभव करना, ज्यादा पसीना आना, उल्टी-दस्त होना, हर कार्य के लिए तम्बाकू की जरूरत महसूस होना, निकोटीन लेने की इच्छा बढ़ जाना, चिंता बढ़ना, अवसाद या निराशा महसूस होना, सिरदर्द होना, ध्यान केन्द्रित करने में परेशानी इत्यादि निकोटीन की लत के प्रमुख लक्षण होते हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के स्टेम सेल केन्द्र के निदेशक टालबोट के अनुसार , गर्भावस्था अथवा युवावस्था के दौरान निकोटीन का किसी भी रूप में सेवन मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालता है। निकोटीन न्यूरल स्टेम सेल्स तथा उनके मेटोकान्ड्रिया को क्षतिग्रस्त करता है। ई-सिगरेट के सेवन से न्यूरल स्टेम सेल्स में तनाव पैदा होता है, जो मस्तिष्क के अहम सेल होते हैं। एक सर्वे में सामने आया था कि ई-सिगरेट के सेवन से मुंह के कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। विभिन्न शोध अध्ययनों के अनुसार ई-सिगरेट, ई-निकोटीन युक्त हुक्का तथा ई-शीशा ट्यूमर को बढ़ावा देने वाले साबित हो सकते हैं।

# दही से बनाएं ये टेस्टी व्यंजन

गर्मी के मौसम में दही खाना काफी फायदेमंद होता है। यह पेट को ठंडा रखने के साथ-साथ आपको हाइड्रेटेड रखने में भी काफी मदद करता है। इतना ही नहीं दही गट हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इसलिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना काफी फायदेमंद हो सकता है। गर्मियों में भूख मिटाने के साथ-साथ खुद को हाइड्रेटेड और ठंडा रखना ज्यादा जरूर हो जाता है। इसलिए प्रोटीन, कैल्शियम, राइबोफ्लेविन और प्रोबायोटिक्स से भरपूर दही को इस सीजन में किसी भी रूप में खाना काफी लाभदायक होता है। इसके सेवन से आप खुद को लाइट और हाइड्रेटेड रख सकते हैं। इसलिए दही से बनी इन स्वादिष्ट और सेहत से भरपूर सब्जियों को आपको गर्मियों में जरूर आजमाना चाहिए।





## दही वाले आलू


सबसे पहले दही को फेंट कर इसमें लाल मिर्च, सेंधा नमक, काजू पाउडर को मिक्स करें। अब गर्म तेल में जीरा, अदरक का तड़का डालें और इसमें कटे हुए टमाटर को डालकर फ्राई करें अब इसमें उबले हुए आलू को डालकर कुछ देर पकाएं। अब धीमी आंच पर दही का मिश्रण इस सब्जी में डालकर दो से चार मिनट तक चलाते हुए पकाएं। तैयार है दही वाले आलू। जीरा चावल या रोटी के साथ सर्व करें। अगर आप वजन बढ़ाने या मसल्स गेन करने के लिए आलू और दही का सेवन करने की सोच रहे हैं तो इसे आप नाश्ते या लंच में ले सकते हैं। आप दही-आलू का रायता, सब्जी या सलाद के तौर पर सेवन कर सकते हैं। बढ़ाने की सोच रहे हैं तो आलू एकस क अच्छा सोर्स साबित हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप वजन बढ़ सकता है। आलू विटामिन सी, विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम और फास्फोरस से भरपूर होता है। डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट मीता कौर मधोक का कहना है कि आलू वजन बढ़ाने में बहुत सहायक होता है।

## घिया दही

कुकर में गर्म घी में जीरा से तड़का डालकर कटे हुए लौकी को नमक, हल्दी के साथ पकाएं और पकने पर इसे मैश करके ऊपर से फेंटी हुई दही भुना हुआ जीरा, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च, गरम मसाला,कसूरी मेथी और नमक डालकर अच्छे से पकाएं। दही और घी का एक साथ सेवन करने से शारीरिक थकान कम हो सकता है। अगर आपको बिना वजह थकान रहती है तो रोजाना दोपहर के समय दही और घी का सेवन करें। इससे आपको लाभ मिलेगा।

## दही प्याज की सब्जी

गर्मी के दिनों में दही प्याज की सब्जी खाना सेहत के लिहाज से बेहद फायदेमंद होता है। दही और प्याज दोनों की तासीर ही ठंडी होती है। ऐसे में दोनों का कॉम्बिनेशन तेजी से बढ़ते पारे के बीच शरीर को ठंडा रखने में बेहद मददगार होता है। समर सीजन में हम सभी रोजाना किसी न किसी रूप में दही खाते हैं जिससे शरीर स्वस्थ्य रहे। अगर आप रूटीन सब्जियों से बोर हो गए हैं तो इस बार दही प्याज की सब्जी ट्राई कर सकते हैं। इसे बनाना आसान है और ये स्वाद से भरपूर रेसिपी है। इसे तेल में हींग, जीरा के तड़के के साथ प्याज के कटे हुए लच्छे डालकर गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। अब इसमें हल्दी, धनिया, लाल मिर्च पाउडर और फेंटी हुई दही डालें और कुछ देर तक चलाते हुए पकाएं।



## दही वाली अरबी

उबले हुए अरबी के टुकड़ों को तेल में डीप फ्राई करें। अब प्याज, लहसुन, टमाटर की प्यूरी, को फ्राई करते हुए इसमें लाल मिर्च और हल्दी पाउडर, गरम मसाले, फेंटी हुई दही, और नमक स्वादानुसार डालकर पकाएं।

## दही करेला

करेला दही पूरी रेसिपी बनाने के लिए सबसे पहले एक सॉस पैन में लगभग 2 कप पानी गर्म करें और इसमें सभी कटे हुए करेले डालें और लगभग 2 मिनट तक या आधा पकने तक उबाल लें। करेले के टुकड़ों को पानी से छान लें और एक तरफ रख दें। एक मिक्सिंग बाउल में बेसन, लाल मिर्च पाउडर, काला नमक, धनिया पाउडर और हींग डालें। इस मिश्रण में करेले के टुकड़े डालें। यदि आवश्यकता हो तो थोड़ा पानी छिड़कें और अच्छी तरह मिलाने तक मिलाएं। तलने के लिए एक पैन में तेल गर्म करें और मसालेदार करेले को बैचों में काट कर कुरकुरा होने तक तलें। दही को चाट मसाला पाउडर के साथ फेंट लें और एक तरफ रख दें। तवे पर तले हुए करेले के टुकड़ों को एक प्लेट में रखें। प्रत्येक स्लाइस पर मसालेदार चटपटा दही, इमली की चटनी छिड़कें। भुजिया और सेव, खजूर फैलाएं और कटे हरे धनिये से सजाकर परोसें। शाम के नाश्ते के लिए करेला दही पूरी को गरम मसाला चाय या फिल्टर कॉफी के साथ परोसें।



## हंसना मना है

टीचर गोलू से- पांच में से पांच घटाने पर कितने बचेंगे? गोलू- पता नहीं मैडम। टीचर- अगर तेरे पास 5 भटुरे हैं, और 5 भटुरे तुझसे मै ले लूं तो तेरे पास क्या बचेगा? गोलू- ..छोले।

टीचर- होमवर्क क्यों नहीं किया ..स्टूडेंट - सर, लाइट नहीं थी, टीचर- तो मोमबत्ती जला लेते, स्टूडेंट- सर, माचिस नहीं थी, टीचर -क्यों नहीं थी? स्टूडेंट- पूजा घर में राखी हुई थी, टीचर- तो वहां से ले आते, स्टूडेंट- नहाया हुआ नहीं था, टीचर - क्यों, स्टूडेंट- पानी नहीं था सर, टीचर- क्यों, स्टूडेंट- सर मोटर नहीं चल रही थी, टीचर- क्यों, स्टूडेंट- बताया तो था लाइट नहीं थी!

टीचर- 1 से 10 तक गिनती सुनाओ। संता ..1, 2, 3, 4, 5, 7, 8, 9, 10.. टीचर- 6 कहां है? संता-जी वो तो मर गया। टीचर -मर गया? कैसे? संता-जी मैडम, आज सुबह टीवी पर न्यूज में बता रहे थे कि स्वाईन फ्लू में 6 की मौत हो गई!

पड़ोस की औरतें आपस में बात कर रही थीं.. बहन बाकी तो सब ठीक है लेकिन अगर हम चांद पर बस जाएंगे तो करवाचौथ कैसे मनाएंगे!

## कहानी | कबूतर का घोंसला

एक बार गौतम बुद्ध शाम के समय कुटिया के बाहर शिष्यों के साथ बैठे थे। तभी वहां एक कबूतर का जोड़ा उड़ता हुआ आ गया। उन्हें देख कर महात्मा बुद्ध को एक कहानी याद आई और उन्होंने शिष्यों को कहानी सुनना शुरू किया। एक पेड़ पर एक कबूतर और कबूतरी रहते थे। कुछ समय बाद कबूतरी ने उसी पेड़ की टहनी पर तीन अंडे दिए। एक दिन कबूतर और कबूतरी दोपहर के समय खाना ढूंढते हुए कुछ दूर निकल गये। तभी कहीं से एक लोमड़ी आ गयी। वह भी भोजन की तलाश में पेड़ पर चढ़ी। जहां उसे कबूतर के अंडे मिल गये और वो अंडों को खा गयी। जब कबूतर का जोड़ा वापस आया तो अंडे न पा कर बहुत परेशान हो गया। दोनों को बहुत बुरा लग रहा था। उनका मन टूट सा गया। तभी कबूतर ने निश्चय किया कि अब वह घोंसला बनाएगा। ताकि फिर कभी उसके अंडे कोई न खा जाए। कबूतर ने अपने निर्णय अनुसार तिनके इकट्ठे करके घोंसला बनाना शुरू किया। पर उसे एहसास हुआ कि उसे तो घोंसला बनाना आता ही नहीं है। तब उसने मदद के लिए जंगल के दूसरे पक्षियों को बुलाया। सभी पक्षी उसकी मदद के लिए आ गये और उन्होंने कबूतर के लिए घोंसला बनाना शुरू किया। पक्षियों ने अभी कबूतर को सिखाना शुरू ही किया था कि कबूतर ने बोला कि अब वो घोंसला बना लेगा। उसने सब सीख लिया है। सभी पक्षी यह सुन कर वापस चले गए। अब कबूतर ने घोंसला बनाना शुरू किया। उसने एक तिनका इधर रखा एक तिनका उधर। उसे समझ आया कि वह अभी भी कुछ नहीं सीखा है। उसने फिर से पक्षियों को बुलाया। पक्षियों ने आ कर फिर घोंसला बनाना शुरू किया। अभी आधा घोंसला बना ही था कि कबूतर जोर से चिल्लाया, तुम सब छोड़ दो अब मैं समझ गया हूं यह कैसे बनेगा। इस बार पक्षियों को बहुत गुस्सा आया। सारे पक्षी तिनके वहीं छोड़ कर चले गये। कबूतर ने फिर कोशिश की पर उससे घोंसला नहीं बना। कबूतर ने तीसरी बार पक्षियों को बुलाया, लेकिन इस बार एक भी पक्षी मदद के लिए नहीं आया और आज तक कबूतर को घोंसला बनाना नहीं आया।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**
आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**वृषभ**
नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन**
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क**
आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी।

**सिंह**
व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कन्या**
पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला**
किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक**
मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**
दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

**मकर**
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा।

**कुम्भ**
किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**मीन**
कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

बॉलीवुड | मन की बात

# मैंने आलोचना सहकर अपना करियर बनाया है : मलाइका



मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ को अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हालांकि, कई बार मलाइका अपने जिम वीडियोज को लेकर ट्रोल भी हो जाती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने दावा किया है कि लोगों की ट्रोलिंग ने उन्हें उनका करियर आगे बढ़ाने में मदद की है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। एक साक्षात्कार में, जब उनसे पूछा गया कि वह सभी ट्रोलिंग पर कैसे प्रतिक्रिया देती हैं, तो अभिनेत्री ने कहा, हर कोई बहुत मेहनत करता है और अपने ब्रांड को बनाने के लिए बहुत प्रयास करता है, और कोई भी शॉर्टकट नहीं ढूंढता है, लेकिन अगर आप मेरे पूरे करियर को देखें, तो मैंने हमेशा अपनी पसंद की चीज ही की है, मैं जैसी हूं और मैं जो पहनती हूं, हर चीज के लिए मेरी आलोचना होती है। मुझे लगता है कि मैंने ट्रोलिंग को अपना करियर बनाया है। इसलिए, यह मेरे पूरे करियर का एक हिस्सा रहा है। मलाइका ने आगे कहा, स्टाइल एक ऐसी चीज है, जो हर किसी में होती है। बेशक, आप अपने आसपास की चीजों की वजह से अपने जीवन में थोड़ा बहुत स्टाइल तो अपना ही सकते हैं, जो आपको खास तरह से प्रभावित करती हैं। इसलिए, हर किसी की एक व्यक्तिगत शैली होती है, और आपको उसे बनाए रखना होता है। यह पूछे जाने पर कि वह अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर ज्यादातर भद्दे कमेंट्स को नजरअंदाज क्यों करती हैं और ट्रोल्स को कभी जवाब नहीं देती हैं, मलाइका ने कहा कि वह सभी नकारात्मकता से दूर रहना पसंद करती हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं उनसे (ट्रोल्स) उस दिन बात करूंगी, जब मुझे लगेगा कि इसे संबोधित करने की जरूरत है और अगर मुझे लगता है कि कोई मेरे किसी करीबी या मेरे दोस्तों के पीछे पड़ा है। तब मैं जरूर कहूंगी। अभिनेत्री ने आगे कहा, मेरे पास चिंता करने के लिए दूसरे काम हैं। मुझे किसी को कुछ भी सही ठहराने की जरूरत नहीं है, चाहे वह मेरा निजी या पेशेवर जीवन हो। मुझे किसी को कोई स्पष्टीकरण देने की जरूरत नहीं है।

# राशन वितरण घोटाले में फंस गईं रितुपर्णा सेनगुप्ता

## 5 जून को ईडी के सामने होना होगा पेश

बॉलीवुड | मसाला



बंगाली अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री के नाम समन जारी किया। बता दें कि पश्चिम बंगाल में कथित 'राशन वितरण घोटाले' की जांच के सिलसिले में 5 जून को अभिनेत्री को ईडी के अधिकारियों के सामने पेश होने को कहा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि बंगाली अभिनेत्री को कोलकाता में ईडी कार्यालय में अधिकारियों के सामने पेश होना है। कहा जा रहा है कि अभिनेत्री निजी कारणों के सिलसिले में अभी अमेरिका में हैं। अभिनेत्री सेनगुप्ता इस समय देश में नही हैं, कहा जा रहा है कि वह अमेरिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री को ईमेल के जरिए समन भेजा गया था। फिलहाल, अभिनेत्री की ओर से इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### 'रोज वैली चिटफंड घोटाले' में भी हुई थी पूछताछ

इससे पहले भी ईडी अभिनेत्री से पूछताछ कर चुकी है। बता दें कि रोज वैली चिटफंड घोटाले की जांच के सिलसिले में साल 2019 में प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कथित तौर पर अभिनेत्री रोज वैली समूह के अध्यक्ष गौतम कुंडू के साथ कई विदेश यात्राओं पर गई थीं और उनके साथ कई विदेश यात्राओं पर भी गई थीं। रितुपर्णा सेनगुप्ता एक बंगाली अभिनेत्री हैं। उन्हें रितुपर्णो घोष की फिल्म दहन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। रितुपर्णा ने बंगाली भाषा की कई फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का नाम बंगाली सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्रियों में गिना जाता है। सेनगुप्ता ने साल 1989 में डीडी बांग्ला पर प्रसारित बंगाली फंतासी टीवी श्रृंखला 'श्वेत कपोत' से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने अपने कौशल और अभिनय के दम पर बंगाली सिनेमा जगत में अपनी पहचान स्थापित की।

# करोड़ों की धोखाधड़ी में फंसे सनी देओल



गदर-2 से फिल्मी पर्दे पर वापसी करने वाले सनी देओल को लेकर हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। एक्टर पर धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगाए गए हैं। उनपर ये आरोप किसी और ने नहीं बल्कि प्रोड्यूसर सौरव गुप्ता ने लगाए हैं। सौरव का आरोप है कि सालों पहले सनी ने उनके साथ एक फिल्म साइन की थी। फिल्म के लिए सनी को 1 करोड़ एडवांस देने थे, लेकिन उन्होंने ढाई करोड़ रुपए लिए। बाद में उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट में छेड़छाड़ कर मनमर्जी से फीस और प्रॉफिट शेयरिंग का अमाउंट बढ़ा लिया।

हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रियल स्टेट डेवलपर से प्रोड्यूसर बने सौरव गुप्ता ने बताया है कि उन्होंने 2016 में सनी देओल को एक फिल्म के लिए साइन किया था। उन्होंने फिल्म के लिए एक करोड़ रुपए एडवांस में लिए थे, लेकिन फिल्म शुरू करने की बजाय वो और रुपए मांगने लगे। फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए सनी देओल की फीस 4 करोड़ तय की गई थी।

### पैसे लेकर शुरू की दूसरी फिल्म की शूटिंग

प्रोड्यूसर सौरव ने आगे कहा, हमने उसे 1 करोड़ रुपए एडवांस दिए थे, लेकिन हमारी फिल्म शुरू करने की जगह उसने पोस्टर बॉय्ज (2017) की शूटिंग शुरू कर दी। वो लगातार हमसे और पैसे मांगता रहा और इस तरह हमने उसे 2.55 करोड़ रुपए दे दिए। उसके कहने पर ही मैंने डायरेक्टर को पैसे दिए, फिल्मिस्तान स्टूडियो बुक किया और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हायर किया।

अजब-गजब | ये है दुनिया का सबसे गर्म स्थान

# यहां 100 डिग्री से ऊपर निकल जाता है तापमान

देशभर में इनदिनों भीषण लू से हाल बेहाल है। गर्मी के चलते लोगों की हालत खराब हो रही है ऐसे में आपके मन में ये ख्याल जरूर आता होगा कि आखिर दुनिया में ऐसा कौनसा स्थान है जहां सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। तो चलिए आज हम आपको दुनिया के ऐसे ही स्थान के बारे में बताने जा रहे हैं जहां इतनी गर्मी पड़ती है कि पलभर में इंसान की जान जा सकती है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं अमेरिका के राज्य कैलिफोर्निया में मौजूद डेथ वैली की। जहां इतनी गर्मी पड़ती है कि आप अपने देश में पड़ने वाली गर्मी को भूल जाएंगे।

भीषण गर्मी पड़ने की वजह से ही इस स्थान को डेथ वैली कहा जाता है। इस जगह पर जून से अगस्त के बीच इतनी ज्यादा गर्मी होती है कि पारा 100 डिग्री के भी ऊपर चला जाता है। ऐसे में यहां चंद मिनट गुजारना भी मुश्किल हो जाता है। डेथ वैली में 100 डिग्री सेल्सियस तापमान की बात मजाक नहीं है बल्कि कई बार तो यहां पारा इससे भी ऊपर निकल जाता है। ड्रेस्क की ओर से यहां 130 डिग्री के रिकॉर्ड तापमान के बारे में जानकारी दी गई थी। इस जगह पर आने वाले पर्यटक गर्मी मापने वाले मीटर की तस्वीरें क्लिक करके अपने साथ ले जाते हैं।

इस जगह पर इतनी गर्मी होने की वजह




इसकी भौगोलिक स्थिति है। माना जाता है कि जून और अगस्त के महीने में डेथ वैली सबसे ज्यादा गर्म होती है। यहां पानी की काफी कमी है। अगर आप सोच रहे हैं कि यही पृथ्वी की सबसे गर्म जगह है, तो हम आपको बता दें दुनिया की सबसे गर्म जगह का रिकॉर्ड अल अजीजिया के नाम है, जहां अब से 100 साल पहले तापमान 136 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अमेरिका के नेवाडा स्टेट में मौजूद डेथ वैली की लंबाई 225 किलोमीटर है जिसकी चौड़ाई 8-14 किलोमीटर है जो घटती-बढ़ती रहती है। बताते हैं कि यहां से गुजरने वाले इंसान और जानवर गर्मी की वजह से रास्ते में ही मर जाते थे। जब यहां जांच-पड़ताल की गई तो बड़ी संख्या में इंसान और जानवरों की हड्डियां मिली थीं। यही वजह से कि इसे डेथ वैली का नाम दिया गया। उसके बाद 1933 में अमेरिका की सरकार के इसे नेशनल मोन्यूमेंट का दर्जा दे दिया।

# दुनिया का सबसे महंगा स्कूल, एक साल की फीस जानकर रह जाएंगे दंग



स्कूलों में सेशन खत्म हो गए हैं और बच्चों के रिजल्ट भी घोषित कर दिए गए हैं। अब माता-पिता को अपने बच्चों के एडमिशन की चिंता सताने लगी है। आजकल एजुकेशन बहुत मंहगी हो गई है। प्राइवेट स्कूलों की फीस सुनकर ही लो हैरान रह जाते हैं। इसके बावजूद माता-पिता अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाने का सपना देखते हैं। माता-पिता को हजारों रुपए महीने बच्चों की फीस चुकानी पड़ती है। अगर आप भी प्राइवेट स्कूलों की फीस को लेकर परेशान हैं तो आज हम आपको दुनिया की कुछ ऐसे महंगे स्कूलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी फीस सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। इन स्कूलों की फीस इतनी है कि आपकी जिंदगीभर की जमापूंजी भी एक साल की फीस के लिए कम पड़ जाएगी। हम बात कर रहे हैं स्विट्जरलैंड की खूबसूरत वादियों में मौजूद कुछ स्कूलों के बारे में। यहां के स्कूलों को यूरोप के सबसे महंगे स्कूलों में गिना जाता हैं। जिनकी सालभर की फीस 56 लाख रुपये से शुरु होती है। इनमें से सबसे महंगा स्कूल इंस्टीट्यूट ले रोसेय है, जो यहां का सबसे मशहूर और पुराना स्कूल है। इस स्कूल की खास बात यह है कि यहां से स्पेन, इजिप्ट, बेल्जियम, ईरान और ग्रीस के राजाओं ने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी। बता दें कि इस स्कूल को पॉल कर्नल ने साल 1880 में बनवाया था इस स्कूल में यूरोप और दुनियाभर के अमीर परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। यहां हर बच्चे की सालाना फीस लगभग 130,000 यानी करीब 98 लाख रुपये से भी ज्यादा है। दो कैंपस वाला यह दुनिया का इकलौता बोर्डिंग स्कूल है जो किसी प्राइवेट रिजॉर्ट से कम नहीं है। इस स्कूल में टेनिस कोर्ट, शूटिंग रेंज, एक्रेस्ट्रेन सेंटर और 40 मिलियन यानी करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बना हुआ कॉन्सर्ट हॉल जैसी कई सविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराई जाती है वहीं स्कूल के विंटर कैंप में स्कीइंग की अलग से सुविधा दी गई है। सभी तरह की सुख-सुविधाओं वाले इस स्कूल में टीचर्स की भी कमी नहीं है। इस स्कूल में कुल 420 छात्रों को पढ़ाने के लिए 150 टीचर रखे गए हैं। यानी औसतन एक क्लास में 10 छात्रों से भी कम संख्या रहती है, ताकि टीचर सभी पर बराबर ध्यान दे सकें। इसके साथ ही स्कूल में 30 सीटें यहां के टीचर्स के बच्चों के लिए रिजर्व रखी जाती है। जिनमें से 3 को हर साल स्कॉलरशिप भी दी जाती है।

# अडानी पोर्ट्स ने तंजानिया के साथ किया 30 साल का समझौता

**» टीआईसीटीएस के पास हैं वर्तमान में सभी पोर्ट हैंडलिंग उपकरण**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**अहमदाबाद/अबुधाबी। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल 2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।**

अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईज़ेड) ने एक बयान में कहा, दार एस सलाम पोर्ट सड़क और रेलवे के एक अच्छी तरह से जुड़े नेटवर्क के साथ एक प्रवेश द्वार बंदरगाह है। ईएजीएल ने तंजानिया इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल सर्विसेज लिमिटेड (टीआईसीटीएस) में 95 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए हचिसन पोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और हार्बर्सइन्वेस्टमेंट लिमिटेड से 39.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की खरीद के लिए शेयर पर चेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। टीआईसीटीएस के पास वर्तमान में सभी पोर्ट हैंडलिंग उपकरण हैं और वह मैनपावर को रोजगार देता है। अदाणी टीआईसीटीएस के माध्यम से सीटी2 का संचालन करेगा। चारबर्थो वाले सीटी2 की सालाना कार्गो हैंडलिंग क्षमता 1 मिलियन टीईयू है और इसने 2023 में 0.82 मिलियन टीईयू कंटेनरों का प्रबंधन किया, जोतंजानिया के कुलकंटेनर वॉल्यूम का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईएजीएल) को एआईपीएच, एडीपोर्ट्स ग्रूप और ईस्ट हार्बरटर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के जॉइंट वेंचर के रूप में शामिल किया गया है। एपीएसईजेड कंट्रोलिंग शेयर होल्डर होगा और ईएजीएल को अपनी पुस्तकों में समेकित करेगा।

**सालाना कार्गो हैंडलिंग क्षमता 1 मिलियन टीईयू है**



## पूर्वी अफ्रीका में आर्थिक सहयोग बढ़ाने में होंगे सक्षम : करण अडानी



एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अडानी ने कहा, दारएससलाम पोर्ट पर कंटेनर टर्मिनल-2 के लिए रियायत पर हस्ताक्षर 2030 तक वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े पोर्ट ऑपरेटरों में से एक बनने की एपीएसईजेड की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। हमें विश्वास है कि पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स में हमारी विशेषज्ञता और नेटवर्क के साथ, हम अपने पोर्ट्स और पूर्वी अफ्रीका के बीच ट्रेडवॉल्यूम्स और आर्थिक सहयोग बढ़ाने में सक्षम होंगे। हम दारएससलाम पोर्ट को विश्वस्तरीय पोर्ट में बदलने का प्रयास करेंगे।

# अखनूर हादसे में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, छह कर्मी निलंबित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**जम्मू। तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस के जम्मू-पुंछ हाईवे पर अखनूर में सड़क से फिसलकर 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस भीषण हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 72 घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी जम्मू में भर्ती कराया गया। मरने वालों में दो बच्चियां भी शामिल हैं। यह बस श्रद्धालुओं को लेकर शिवखोड़ी जा रही थी। हादसे की खबर पाने के बाद घायलों और मृतकों के परिजन कल ही यूपी से रवाना हो गए। जीएमसी जम्मू में कई परिजन पहुंच चुके हैं। उनकी आंखें पानी से भरी हुई हैं। किसी ने इस हादसे में अपना बेटा खो दिया है तो किसी ने भाई।**

किसी के जीवनसाथी ने साथ छोड़ दिया है तो किसी का पूरी परिवार ही दुनिया को अलविदा कह गया है। जम्मू-कश्मीर परिवहन विभाग ने प्रदेश के प्रवेशद्वार लखनपुर में तैनात छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अखनूर बस हादसे को लेकर यह कार्रवाई की गई है। इस ओवरलोड बस को प्रदेश में प्रवेश देने के लिए कथित तौर पर कर्तव्यहीनता को लेकर यह एक्शन लिया गया है। निलंबित अधिकारियों में मोटर वाहन निरीक्षक राजीव भसीन, कनिष्ठ सहायक सुमित मंगोत्रा और चार मल्टी टास्किंग स्टाफ अश्विनी कुमार, केशव सिंह, अमन कुमार और राकेश कुमार शामिल हैं। इस हादसे को लेकर मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश जारी किए गए हैं। एसडीएम जम्मू दुर्घटना के कारणों की जांच कर सात दिन में रिपोर्ट देंगे। डीएम सचिन कुमार वैश्य ने कहा, जिला प्रशासन स्थिति पर बारिकी से नजर बनाए हुए हैं।

# मध्य प्रदेश में हुआ बहुत बड़ा नर्सिंग घोटाला : दिग्विजय

**» पीएम मोदी को लिखा पत्र- जांच सीबीआई के ईमानदार अफसरों से कराने की मांग**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**भोपाल। मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज का घोटाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच गया है। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पत्र लिख कर पीएम से मांग की है कि एमपी के नर्सिंग कॉलेज के घोटाले की जांच सीबीआई के ईमानदार अफसरों से कराई जाए। दिग्विजय ने लिखा कि मोदी जी मप्र में विगत एक दशक से गूंज रहे व्यापम भर्ती घोटाले की स्याही अभी सूखी भी नही थी कि नर्सिंग कॉलेज घोटाले ने राज्य की साख को तार-तार कर दिया है।**

इस मामले में राज्य सरकार की जिम्मेदार एजेंसियों और शीर्ष स्तर के राजनेता से लेकर नौकरशाह तक पूर्ण रूप से लिप्त और हिस्सेदार है। हाल ही में आपकी बहुचर्चित एजेंसी सीबीआई के अफसरों ने भी करोड़ों रूपये की रिश्वत खाकर न्यायालय के आदेश पर अब तक की गई जांच को संदिग्ध बना दिया है। पिछली सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनके अति करीबी मंत्री विश्वास सारंग इस नर्सिंग घोटाले से बच निकलने के लिये लगातार प्रयास कर रहे है।

# भाजपा मुंगेरीलाल के सपने देख रही: मीर

**» कांग्रेस के महासचिव का दावा- कहीं ऐसा न हो इंडिया गठबंधन की सीटें 400 पार हो जाएं**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की बहुमत से सरकार बनेगी। मीर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाल, चरित्र और चेहरा आम जनता के सामने बेनकाब हो गया है। जनता अब गुमराह होने वाली नहीं है। जनता ने बदलाव का मानस बना लिया है और बदलाव शीघ्र ही देखने को मिलेगा।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महंगाई और बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों पर चर्चा नहीं कर मुस्लिम, मछली, मटन और मुजरा जैसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। जो की प्रधानमंत्री की गरिमा एवं मर्यादा के अनुकूल नहीं है। अबकी बार भाजपा चार सौ पार पर तंज करते हुए मीर ने कहा कि भाजपा मुंगेरीलाल के सपने देख रही है। कहीं ऐसा न हो कि इंडिया गठबंधन की सीट 400 पार हो जाए। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस के पांच न्याय एवं 25 गारंटी पर अपनी मोहर लगाई है और देश में बदलाव देखने को मिलेगा। देश में युवाओं, बेरोजगारों, दलित, महिला, किसान और श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए नई सरकार आएगी। राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर ने अजमेर में अल्प प्रवास के दौरान ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में अकीदत के फूल एवं मखमली चादर पेश कर देश में अमन चैन की दुआ की।



## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विजयी होगा इंडिया गठबंधन : विकार रसूल

जम्मू। जेकेपीसीसी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं और जनता का भाजपा सरकार से मोहभंग हो गया है। विकार रसूल ने दावा करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन केंद्र में अगली सरकार बनाएगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में एक जॉइनिंग प्रोग्राम के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने पार्टी में कई नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की छह सीटों पर विजयी होगा। उन्होंने कहा, मोदी अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं और चार जून को नतीजों के बाद इंडिया गठबंधन सरकार बनाएगा।

# मुक्केबाज निशांत देव का विजयी पंच

**» पेरिस ओलंपिक में पक्का किया स्थान**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**बैंकॉक। निशांत देव (71 किग्रा) शुक्रवार को यहां मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।**

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया। सेबोटारी ने दूसरे राउंड में हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने सटीक मुक्के जड़ना जारी रखा।



## आईबीए से अलग हुआ भारत विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिये विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिये जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। सिंह ने कहा कि वह खेल के भावी विकास के लिये विश्व मुक्केबाजी के कार्यकारी बोर्ड से मिलकर काम करेंगे ताकि दुनिया भर के मुक्केबाजों को उज्ज्वल भविष्य मिल सके। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं।




# कांग्रेस को सौ से ज्यादा सीटें मिलेंगी : खरगे

## बोले- इस बार बीजेपी को सत्ता में आने से रोक देंगे | इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 1 जून को 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग के साथ खत्म हो रहा है। इसके बाद 4 जून को पता चलेगा कि केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार आएगी या जनता जनार्दन ने कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया अलायंस को चुना है। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चौंकाने वाला दावा किया।

खरगे के बयान को लेकर पॉलिटिकल पंडित भी अपने हिसाब को फिर से मिलाने में लग गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, कांग्रेस इस बार 100 सीटों का आंकड़ा पार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस इस चुनाव में 128 सीटें जीतेगी। खरगे ने यह भी कहा कि हम बीजेपी को सत्ता में आने से रोक देंगे और गठबंधन की सरकार बनेगी। लोकसभा चुनाव में इंडियाअलायंस में शामिल कांग्रेस के क्षेत्रीय सहयोगी भी जीत को लेकर बढ़-चढ़ कर दावे कर रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 328 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। यह कांग्रेस के इतिहास की सबसे कम सीटें हैं। जहां बीजेपी और कांग्रेस में सीधा आमने-सामने मुकाबला है। 2019 में इन 164 सीटों में से कांग्रेस के पास सिर्फ 8 सीटें ही थीं।



### कांग्रेस को एनडीए के 400 पार की चिंता करने की जरूरत नहीं : नड्डा

बीजेपी जेपी नड्डा ने कहा, जैसे-जैसे कर्म होते है... वैसे-वैसे लोगों को डर लगता है... अगर आप डरे हुए है तो सपने में भी आपको डर ही लगता है. जो कर्म है, आपके वो तकलीफ दे रहे हैं। कांग्रेस को एनडीए के 400 पार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। 4 जून को हम गिनाकर दिखा देंगे कैसे 400 पार हुए, मैं कांग्रेस की भविष्यवाणी करता हूं, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पिछले नंबर के आसपास या उससे नीचे रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की 273 सीटों की भविष्यवाणी पर नड्डा ने कहा,खरगे जी का आकलन अच्छा है। लेकिन कांग्रेस एग्जिट पोल से क्यों भाग रही है? कांग्रेस को उसके कर्म भगा रहे हैं। कांग्रेस ने लोगों को बरगलाया। गुमराह किया। फरेब किया और झूठ बोला। अब सच्चाई सामने आएगी, तो वो भागने लगे। कांग्रेस ऐसी प्लेयर है, जो अपांयर के फैसले से पहले विकेट उखाड़कर भागने लग जाते हैं।



## इन हस्तियों ने किया मताधिकार का प्रयोग











## सलमान खान के मर्डर की एक और साजिश का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। सलमान खान को मारने की कोशिश के एक और प्लान को पुलिस ने विफल कर दिया है। इस मामले में नवी मुंबई की पनवेल पुलिस ने चार लोगों को अरेस्ट किया है। पुलिस का दावा है कि ये लोग लॉरेंस बिश्नोई गैंग से थे और उन्होंने पनवेल में सलमान खान की गाड़ी पर हमले का प्लान किया था।



सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए पाकिस्तान के एक हथियार सप्लायर से हथियार मंगाने की योजना थी। नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को जानकारी मिली थी कि जेल में बंद गैंगस्टर लोरेंस बिश्नोई ने कनाडा स्थित अपने चचेरे भाई अनमोल बिश्नोई और साथी गोल्डी बरार के साथ मिलकर पाकिस्तान के एक हथियार डीलर से एके-47, एम-16 और एके-92 सहित अन्य अत्याधुनिक हथियार खरीदकर अभिनेता सलमान खान को मारने की साजिश रची है।

## फिर फ्लाइट में बम मिलने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। चेन्नई से मुंबई जा रहे इंडिगो विमान 6 ई 5314 को शनिवार को बम की धमकी मिली, जिससे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। इसके बाद विमान की मुंबई हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। इंडिगो ने इसको लेकर एक बयान जारी किया है जिसके मुताबिक, सभी 172 यात्री विमान से सुरक्षित उतर गए हैं। विमान की अभी जांच चल रही है। सभी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को वापस टर्मिनल क्षेत्र में ले जाया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, विमान को सुबह करीब 8.45 बजे इमरजेंसी लैंड किया गया और सबी यात्रियों को विमान से उतारा गया। बता दें कि पिछले एक हफ्ते में इंडिगो की फ्लाइट से जुड़ी यह दूसरी ऐसी घटना है। 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की कथित धमकी मिली थी। सूत्र ने बताया कि शनिवार को चेन्नई-मुंबई रूट पर उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई5314 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जब पायलट ने मुंबई एटीसी को विमान में बम होने की कथित धमकी की सूचना दी थी।

### इंडिगो ने जारी किया बयान

चेन्नई-मुंबई उड़ान में बम की कथित धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने एक बयान में कहा, मुंबई में उतरने पर, चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया और विमान को सुरक्षा एजेंसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया। सभी यात्री सुरक्षित रूप से विमान से उतर गए हैं, जिसकी वर्तमान में जांच की जा रही है। सभी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को वापस टर्मिनल क्षेत्र में रखा जाएगा।

# गर्मी का कहर : यूपी में नहीं थम रहीं मौतें

## 189 से अधिक लोगों की गई जान | 19 मतदान कर्मियों की भी मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। भीषण गर्मी के प्रकोप से मौतों का सिलसिला नहीं थम रहा। लू लगने और गर्मी से प्रदेश में 189 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें शनिवार को होने वाले मतदान के लिए चुनाव ड्यूटी में तैनात 19 मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी हैं। वहीं, बिहार में भी 10 मतदानकर्मियों की जान चली गई।

शुक्रवार को कानपुर व मथुरा 48.2 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में पारा 45 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ। तेज धूप के साथ लू का भी प्रकोप रहा। 43 डिग्री के साथ तपते वाराणसी और आसपास में चुनाव ड्यूटी में लगे 18 लोगों की मौत हो गई। सब सातवें चरण का चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियों के साथ जाने की तैयारी कर रहे थे। अकेले मिर्जापुर में ही आठ होमगार्ड और एक सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है।



गोरखपुर-बस्ती मंडल में 10 लोगों की जान चली गई। इसमें गोरखपुर और बस्ती में तीन-तीन, देवरिया में दो और संतकबीरनगर में एक की मौत हुई है।

### अब रातें भी होने लगीं गर्म, कई इलाकों में धूल भरी आंधी के आसार

लखनऊ में पारा 45.8 डिग्री तक पहुंच गया। हरदोई, कानपुर, वाराणसी, चुर्क, प्रयागराज, झांसी, सुल्तानपुर, फुरसतगंज में रातें भी गर्म हैं। यहां न्यूनतम तापमान 30 डिग्री से 33.9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। राज्य में कई इलाकों में बारिश के आसार हैं। धूल भरी आंधी चल सकती है।

मरने वालों में गाजीपुर निवासी एक कांस्टेबल और बागपत व एटा निवासी दो होमगार्ड के अलावा चुनाव ड्यूटी में आए दो निजी वाहन चालक भी शामिल हैं।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वितीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।